परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 04-11-2026

- **मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा त्योहारो के दृष्टिगत मूर्ति विसर्जन मार्ग व विसर्जनस्थल अमहट घाट तथा जीआईसी कॉलेज के पास पटाखा बिक्री स्थल का किया गया निरीक्षण।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 04.11.2026 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री वैभव श्रीवास्तव एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा डीएम बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना व पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमवीर सिंह के साथ जनपद बस्ती में आगामी छठ पूजा एवं दीपावली त्योहारों के दृष्टिगत अमहट घाट, मूर्ति विसर्जन स्थल , मूर्ति विसर्जन मार्ग तथा जीआईसी कॉलेज के पास निर्धारित पटाखा बिक्री स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छठ पूजा के दृष्टिगत अमहट घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, जल सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन का जायजा लिया गया। जीआईसी कॉलेज के पास निर्धारित पटाखा बिक्री स्थल के निरीक्षण के दौरान दुकानों की व्यवस्थित स्थापना, अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए।

डीआईजी बस्ती द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। सभी स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत निगरानी एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सकें।उक्त अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती